

Date: 31.10.2026

Name of the Institute: ICAR-Central Institute of Coldwater Fisheries Research, Bhimtal, Uttarakhand


Name of Activity: Highlighting the activities Special campaign in print and electronic media




Facebook




Instagram



Linkedin



Twitter



Institute Website

स्वच्छता और सुशासन को बढ़ावा देने का आह्वान

उत्तर उजाला संवाददाता

भीमताल। सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने और स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के उद्देश्य से केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसडब्ल्यूआरआई), भीमताल में विशेष अभियान 6.0 चलाया जा रहा है। दो से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस अभियान के तहत स्वच्छता गतिविधियों के साथ कार्यालयी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत कार्यालयों, प्रयोगशालाओं और संस्थान के विभिन्न अनुभागों में ई-कचरे एवं स्क्रैप का निस्तारण, परिसर का सौंदर्यीकरण, पुरानी फाइलों और अभिलेखों की छंटाई तथा अनुपयोगी प्रक्रियाओं में कमी लाने जैसी गतिविधियां की जा रही हैं। साथ ही कार्यालयी स्थानों का बेहतर उपयोग, स्वच्छता की आदतों को बढ़ावा देने और कार्यों में प्रौद्योगिकी के अधिकाधिक इस्तेमाल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों की सहभागिता से विभिन्न निर्धारित दिवसों पर स्वच्छता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से पार्कों, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सफाई गतिविधियां आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। संस्थान की ओर से भीमताल के आसपास के गांवों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों को जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, जल संरक्षण और अपशिष्ट से उपयोगी संसाधन एवं आय सृजन के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। संस्थान निदेशक डॉ पांडे ने बताया अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और सरकारी कार्यालयों में कार्यों के निस्तारण की दक्षता बढ़ाना है।

Local Newspaper